आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

## मुख्यमंत्री

हमीरपुर ज़िले में नादौन विधानसभा क्षेत्र के जोल सप्पड़ में डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नए परिसर का निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज इस महाविद्यालय के नए परिसर में 37 करोड़ रूपए से बनने वाले सभागार की आधारशिला रखी। उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय को तत्कालीन केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आज़ाद ने उनके व्यक्तिगत अनुरोध के बाद मार्च 2014 को मंजूरी दी थी। इस पर राज्य सरकार 240 करोड़ रूपए खर्च कर चुकी है जबकि केन्द्र सरकार ने इसके लिए एक सौ 80 करोड़ रूपए आबंटित किए हैं। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बताया कि कॉलेज का नया परिसर विश्वस्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों, विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामैडिकल स्टाफ से लैस होगा। उन्होंने कहा कि सभागार के साथ ही कैफे, पुस्तकालय और खेल मैदान का निर्माण भी एक महीने के भीतर शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर मैडिकल कॉलेज में डॉक्टरों व नर्सों की नियुक्ति में अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन किया जाएगा और कॉलेज में स्नात्कोत्तर कक्षाएं भी शुरू की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार विकास परियोजनाओं के लिए उचित बजट का आबंटन कर रही है और बजट प्रावधान के बाद ही शिलान्यास किए जा रहे हैं।

## परीक्षा परिणाम

इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने राज्य चयन आयोग को 6 लंबित पोस्ट कोड के नतीजे दीपावली से पहले घोषित करने को कहा है। इनमें पोस्ट कोड 9 सौ 3 और 9 सौ 39 जे.ओ.ए.आई.टी., पोस्ट कोड 9 सौ 82 कॉपी होल्डर, पोस्ट कोड 9 सौ 92 व 9 सौ 97 वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर और पोस्ट कोड 9 सौ 94 साइक्लॉजिस्ट शामिल हैं। आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने सरकारी क्षेत्र में युवाओं को पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर रोज़गार के अवसर प्रदान करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सैंकड़ों युवाओं को राज्य सरकार

की ओर से ये दीवाली का तौहफा होगा। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि शेष 12 लंबित पोस्ट कोड के परिणाम नवम्बर महीने में घोषित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है और पुरानी पैंशन योजना बहाल करने के अलावा महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की वृद्धि व सभी कर्मचारियों और पैंशनरों को इस महीने के वेतन व पैंशन का भुगतान 28 अक्तूबर तक कर दिया जाएगा।

करवाचौथ

करवाचौथ का पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। सुहागिनों ने अपने पति की खुशहाली और दीर्घायु के लिए उपवास रखा है और चंद्रमा पूजन के बाद उपवास तोड़ा जाएगा। करवाचौथ कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इसे लेकर आज प्रदेश के बाजारों में काफी भीड़ रही और महिलाओं ने हार श्रृंगार व अन्य वस्तुओं की जमकर खरीददारी की। शिमला में चंद्रोदय शाम 7 बजे 47 मिनट पर होगा। ऐतिहासिक रिज मैदान पर करवाचौथ को लेकर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं।

पैंशन

हिम–आंचल पैंशनर्ज़ संघ के एक शिष्टमण्डल ने आज हमीरपुर में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू से भेंट कर उन्हें पैंशनरों की विभिन्न मांगों से अवगत कराया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगराज शर्मा ने बताया कि इस मौके पर मुख्यमंत्री से पैंशनरों को महंगाई भत्ते की किश्त जारी करने, 75 वर्ष की आयु के पैंशनरों के संशोधित पैंशन का सौ फीसदी बकाया देने और दीपावली को देखते हुए सभी को पैंशन की अदायगी 28 अक्तूबर को करने की मांग की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पैंशनरों के लंबित आर्थिक मुद्दों को लेकर जागरूक है और बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करने का मामला भी सरकार के विचाराधीन है।

निशुल्क दवा

मुख्यमंत्री निशुल्क दवाई योजना के तहत शिमला ज़िले में इस वित्त वर्ष के दौरान अभी तक एक करोड़ 36 लाख रूपए की दवाईयां और सर्जिकल सामान वितरित किया जा चुका है। योजना के माध्यम से मरीज़ों को मुफ्त दवाईयां और सर्जिकल सामान मुहैया करवाया जाता है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान ज़िले में लगभग 4 करोड़ रूपए की दवाईयां और सर्जिकल सामान खरीद कर अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों को वितरित किया गया था। उन्होंने बताया कि ये योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लागू की जा रही है।

.......................................................